दिन— सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 19 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि — 15 मिनट

---

01. रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के रक्षा सिद्धांत में महत्वपूर्ण मोड़ बताया। कहा — ऑपरेशन में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, रणनीतिक गहराई और तकनीकी प्रभुत्व का प्रदर्शन हुआ।

02. भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कल समाप्त होने का दावा करने वाली रिपोर्टों को खारिज किया।

03. चुनाव आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय करने के निर्देश दिए।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————————

रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के रक्षा सिद्धांत में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ— जिसमें तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, रणनीतिक गहराई और तकनीकी प्रभुत्व का प्रदर्शन किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने सटीकता, व्यावसायिकता और उद्देश्य के साथ तीनों सेनाओं की संतुलित प्रतिक्रिया को प्रदर्शित किया। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन की परिकल्पना नियंत्रण रेखा के पार और पाकिस्तान के अंदर तक आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए एक दंडात्मक और लक्षित अभियान के रूप में की गई थी। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में नूर खान एयर बेस और रहीमयार खान एयर बेस जैसे ठिकानों पर उच्च प्रभावकारी हवाई अभियान चलाए। स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और पिकोरा और ओएसए—एके जैसे विरासित प्लेटफ़ॉर्म को एक स्तरित रक्षा ग्रिड में प्रभावी ढंग से तैनात किया गया था। सेना की वायु रक्षा इकाइयों ने वायुसेना के साथ मिलकर काम किया, जिसमें कंधे से दागे जाने वाले मैनपैड्स और एलएलएडी गन से लेकर लंबी दूरी की सैम तक की कई तरह की प्रणालियाँ तैनात की गईं। नौसेना ने मिग—29इ लड़ाकू विमानों और हवाई प्रारंभिक चेतावनी हेलीकॉप्टरों से लैस अपने कैरियर बैटल ग्रुप को तैनात किया। इसने समुद्री क्षेत्र में खतरों की निरंतर निगरानी और वास्तविक समय पर पहचान सुनिश्चित की। सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लडाई में ऑपरेशन सिंदूर ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध हुआ है। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की रक्षा

प्रणाली की ताकत प्रदर्शित की है, बल्कि आतंकवाद के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का पर्दाफाश भी किया है।

————————————————————————————

भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कल समाप्त होने का दावा करने वाली रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। सेना के अनुसार अठारह मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं थी। बारह मई को महानिदेशकों के बीच बातचीत में तय किए गए संघर्ष विराम को जारी रखने की कोई समाप्ति तिथि नहीं है। दोनों देशों के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की पिछली वार्ता बारह मई को हुई थी। वार्ता के दौरान, दोनों पक्ष ने एक भी गोली नहीं चलाने या एक–दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। इस बात पर भी सहमति हुई कि दोनों पक्ष सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें।

————————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के जश्न के बीच पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में हम परमवीर चक्र विजेता मेजर रामास्वामी परमेश्वरन का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———कट———

————————————————————————————

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गयी है। निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने कल पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मिकिनगर में एसएसबी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए। डॉक्टर जोशी ने मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। इस दौरान विधि व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन से कृषि विभाग की कई योजनाओं की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री खरीफ महाअभियान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही वे बिहार कृषि मोबाईल एप का लोकार्पण करेंगे। इस एप के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी सभी सेवाएं और सूचनाएं डिजिटल रूप से सुलभ होंगी। मुख्यमंत्री अनुमंडल स्तर पर बासठ कृषि भवन का शिलान्यास और आरा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा श्री कुमार नवनियुक्त तीन सौ पंद्रह प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण भी करेंगे।

———————————————————————————

राज्य में आपदा प्रबंधन कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए बाईस हजार नए युवा आपदा मित्र बनाए जाएंगे। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आपदा के समय स्थानीय प्रशासन इनकी मदद लेगा। ये बाढ़, सुखाड़, भूकंप, अगलगी, वज्रपात या अन्य आपदाओं के समय प्रशासन के साथ काम करेंगे।

———————————————————————————

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई होगी। समाज कल्याण विभाग के सचिव वंदना प्रेयषी ने बताया कि **पोषण भी, पढ़ाई भी** कार्यक्रम के तहत यह पहल शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं का राज्यव्यापी प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका समेत राज्य के पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का भी पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, मधेपुरा और अररिया में आंधी—बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन मधेपुरा और तीन अररिया के रहने वाले थे।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के सरदारगंज गोलापट्टी बाजार में लोगों ने दो अपराधियों की पीट–पीट कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने बताया कि दोनों अपराधियों ने एक किराना स्टोर में घुसकर लूट–पाट शुरू कर दी और विरोध करने पर गोलीबारी की। गोलीबारी की घटना में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद भाग रहे अपराधियों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पीट–पीट कर मार डाला। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा।

———————————————————————————

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान सड़क हादसों में अठारह लोगों की मौत हो गई। नवादा में चार और कटिहार, अररिया, भोजपुर तथा सारण जिले में दो–दो लोगों की मौत हुई है। वहीं, गोपालगंज, भागलपुर, कैमूर, जमुई, भोजपुर और बक्सर जिले में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

———————————————————————————

तेलंगाना पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से पटना के त्रिभुवन मोड़ के पास से सौ करोड़ रूपये की धोखाधड़ी के मामले में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से आठ लाख रूपये, पासपोर्ट और दस मोबाईल फोन बरामद किए गए हैं। इधर, जिले के एस.के.पुरी थाना क्षेत्र से पुलिस ने सीबीआई अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल स्थित एक होटल से पुलिस और आव्रजन विभाग की टीम ने दक्षिण कोरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह बिना वैध वीजा के भारत में रह रहा था।

———————————————————————————

पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र के पछियारी मलाही गंगाघाट पर नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————————

एसटीएफ की टीम ने दरभंगा जिले के लहेरियासराय से शराब तस्कर रंजन धांगर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एसटीएफ की टीम ने समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र से पच्चीस हजार रूपए के ईनामी अपराधी मिथिलेश पासवान को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र से एसएसबी के जवानों ने एक सौ पंद्रह किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के इनरवा थाना क्षेत्र से पंद्रह लाख रूपये मूल्य के गांजा के साथ एक तस्करी की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सऊदी में बिहार, बंगाल और यूपी के तीन सौ श्रमिक फंसे। **दैनिक जागरण** लिखता है – लश्कर–ए–तैयबा का दुर्दांत आतंकी सैफुल्ला मारा गया। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – आईएमएफ ने पाक की वित्तीय मदद के लिए ग्यारह नई शर्तें रखी। **प्रभात खबर** की सुर्खी है – पंद्रह से बीस जून के बीच बिहार में दस्तक दे सकता है मॉनसून। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – अधूरा रह गया इसरो पीएसएलवी–सी सिक्स वन मिशन। **आज** अखबार की सुर्खी है – हटाए जायेंगे एक सौ सोलह अंगीभूत कॉलेजों के प्रभारी प्रधानाचार्य।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के रक्षा सिद्धांत में महत्वपूर्ण मोड़ बताया। कहा – ऑपरेशन में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, रणनीतिक गहराई और तकनीकी प्रभुत्व का प्रदर्शन हुआ।

02. भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कल समाप्त होने का दावा करने वाली रिपोर्टों को खारिज किया।

03. चुनाव आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय करने के निर्देश दिए।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।